दैनिक भास्कर
कुरुक्षेत्र भास्कर 29-06-2025

सतत सुधार एक निरंतर विकास की प्रक्रियाः देबाशीष सरकार

कुरुक्षेत्र | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर व वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार ऑनलाइन 14 दिवसीय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चल रहा है। नौवें दिन मुख्य वक्ता के रूप में प्रोलीफरेटर एडवाइजरी एंड कंसलटिंग, मुंबई से मैनेजिंग पार्टनर देबाशीष सरकार ने बताया कि सतत सुधार एक निरंतर विकास की प्रक्रिया है जो नियमित मूल्यांकन, सीखने और अनुकूलन के माध्यम से संचालित होती है। वहीं दूसरे सत्र में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, नई दिल्ली से प्रो. सूर्य प्रकाश ने शोधकर्ताओं को प्रभावशाली शोध परियोजना लेखन के विभिन्न चरणों के बारे में बताया। दोनों ही सत्रों की अध्यक्षता राजकीय महाविद्यालय गोहाना की वाणिज्य विभाग की प्रवक्ता डॉ. नमिता ने की। सांयकालीन सत्र की अध्यक्षता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के प्रो. अजय सुनेजा ने की।